नवभारत
भोपाल, रविवार, 28 जून 2026

पुराने में पर्याप्त जगह नहीं, अस्त-व्यस्त खड़ी रहती हैं बसें, लगता है जाम

नवभारत न्यूज

बैतूल, 27 जून. शहर की आबादी, यात्री बसों और वाहनों की संख्या के अनुपात में कोठीबाजार बस स्टैंड में पर्याप्त जगह नहीं है, ऊपर से चालक बसों को अव्यवस्थित खड़ा कर देते है।

ठंडे बस्ते में नया बस स्टैंड बनाने की योजना

सवारी भरने रूकती है बसें, बिगड़ रहीं व्यवस्थाएं

इससे अन्य बसों को खड़ा करने जगह नहीं मिलती। मजबूरी में चालकों को बस स्टैंड के इन-आऊट सडक पर बसे खड़ी करनी पड़ती है। जिससे यहां अव्यवस्था और जाम की स्थिति बनती है। चालक सड़क पर ही बसे खड़ी करके सवारियां भी भरते हैं। शाम और दोहपर के समय हालात ऐसे हो जाते हैं कि लोगों का बस स्टैंड के पास से वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है। इससे बस स्टैंड का सौदर्यीकरण तो बिगड़ ही रहा है, साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। बस चालकों का कहना है कि बस स्टैंड वैसे ही छोटा है, ऊपर से लोग बस स्टैंड के अंदर कारे, जीप सहित अन्य लोडेड वाहन सहित अन्य वाहन खड़ा करते है। इसी कारण बस स्टैंड पर बार-बार जाम लगता है। कई बार वाहनों के बेतरतीब खड़े किये जाने से बस और अन्य वाहन चालको के बीच विवाद भी हो जाता है। बस ऑपरेटरों का कहना है कि नगरपालिका को बस स्टैंड पर बसों को खड़ा कराने व्यवस्था बनानी चाहिए।

ठंडे बस्ते में नया बस स्टैंड बनाने की योजना : शहर के बाहर नए बस स्टैंड का निर्माण किए जाने के साथ ही स्टैंड से यात्रियों को शहर तक पहुंचाने के लिए सिटी बस चलाने का भी प्लान दो साल पहले तत्कालीन कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस ने तैयार किया था। तत्कालीन कलेक्टर ने बस स्टैंड निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने एक कमेटी बनाई थी। शहर के बाहर बस स्टैंड निर्माण के लिए तीन-चार लोकेशन देखकर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना था। टीम द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद भी आज तक बस स्टैंड की शिटिंग का काम नहीं हो सका। तत्कालीन कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस के जिले से ट्रांसफर के बाद शहरी सीमा से बाहर नए बस स्टैंड के निर्माण का मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया है। बता दे कि शहर के बस स्टैंड से मुलताई, आठनेर, परतवाड़ा, भोपाल, इंदौर, नागपुर सहित अन्य स्थानों के लिए बसें संचालित होती है। इन यात्री बसों में प्रतिदिन हजारों लोग अपने गंतव्य की ओर यात्रा करते हैं। लेकिन इन यात्रियों के लिए भी बस स्टैंड पर खास सुविधाएं नहीं है। पीने का शुद्ध पानी, साफ शौचालय सहित अन्य सुविधाएं यात्रियों को बस स्टैंड पर नहीं मिलती है।

> बस स्टैंड के लिए जमीन को लेकर चर्चाएं चल रही है। जैसे ही जमीन फाइनल होती है, बस स्टैंड को शिफ्ट करने की प्रक्रिया की जायेगी। फिलहाल जमीन फाइनल नहीं हो पा रही है।
> **- नागेन्द्र वागद्रे,** सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

रोजाना दो सैकड़ा से अधिक चलती हैं बसें

शहर के बस स्टैंड से मुलताई, आठनेर, परतवाड़ा, भोपाल, इंदौर, नागपुर सहित अन्य स्थानों के लिए बसें संचालित होती है। इन यात्री बसों में प्रतिदिन हजारों लोग अपने गंतव्य की ओर यात्रा करते हैं। लेकिन इन यात्रियों के लिए भी बस स्टैंड पर खास सुविधाएं नहीं है। पीने का शुद्ध पानी, साफ शौचालय सहित अन्य सुविधाएं यात्रियों को बस स्टैंड पर नहीं मिलती है। यात्रियों को ठंडे पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है। गौरतलब रहे कि बस स्टैंड पर व्यवस्थाएं बनाने की जिम्मेदारी नगरपालिका प्रशासन की है, लेकिन नगरपालिका प्रशासन भी बस स्टैंड पर व्यवस्था बनाने की दिशा में खास प्रयास नहीं कर रही है। जिसका खामियाजा आमजनता को परेशान होना चुकाना पड़ता है।

सवारी भरने रूकती है बसें, बिगड़ रहीं व्यवस्थाएं

शहर में बस चालकों ने एक दर्जन से अधिक अघोषित बस स्टॉप बना लिये है। जहां प्रतिदिन बसे रूकती है और इसी वजह से सडक पर जाम लगने और दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ गई है। बस स्टैंड से बस निकलने के बाद मेन सड़क पर चालक बसे खड़ी करते है, यहां सवारी भरने के बाद मुल्ला पेट्रोल पंप, अस्पताल के सामने, कारगिल चौक, चौपाटी सहित जगह सवारी मिल जाये, वहां बसे रूकती है। यहीं से यात्री सफर शुरू करते है। जबकि नियमानुसार बस स्टैंड से बस छूटने के बाद रास्ते में नहीं रोका जाना चाहिए, किन्तु बस चालक सवारी बैठाने के लिए जगह-जगह बस रोककर सवारी लेते है। सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के सामने और मुल्ला पेट्रोल पंप पर होती है, जहां बसों के रूकने से ट्रॉफिक जाम हो जाता है।

एक नजर में

प्रमेश सिंह राजपूत बने जिला सह मीडिया प्रभारी

बैतूल। करणी सेना परिवार मध्यप्रदेश की बैतूल जिला इकाई ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए बैतूल निवासी प्रमेश सिंह राजपूत को जिला सह मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार, प्रमेश सिंह राजपूत का कार्यकाल 25 जून से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। नियुक्ति पत्र में विश्वास व्यक्त किया गया है कि वे पद की गरिमा और सम्मान बनाए रखते हुए संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे तथा करणी सेना परिवार की मजबूती के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे। नियुक्ति आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यकाल के दौरान अनुशासनहीनता अथवा किसी भी प्रकार से संगठन को नुकसान पहुंचाने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी को तत्काल पदमुक्त किया जा सकता है। संगठन की ओर से मां करणी से उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की कामना भी की गई है।

कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

भैंसदेही। मुख्यमंत्री मोहन यादव के कुकरू प्रवास को लेकर राजनीति उस समय गर्मा गई, जब क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रानू ठाकुर और आदिवासी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता हैलीपेड के नारेबाजी करते हुए निकले ही थे, कि बीच रास्ते में पुलिस बल ने पहुंचकर सभी कांग्रेसीयों को हिरासत में लेकर पुलिस वैन में बैठा दिया।और वे हैलीपेड तक नहीं पहुंच पाए, जबकि मुख्यमंत्री यादव से इस बाबत मुलाकात के लिये ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देकर विधिवत समय भी मांगा था बावजूद उसके कांग्रेसियों को हिरासत में लिये जाने को लेकर कांग्रेस ने पुलिस की इस कार्यवाही को अनैतिक करार देते प्रदेश में निरंकुशता के व्याप्त होने के आरोप मोहन सरकार पर लगाते हुऐ, मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की।

करबला घाट पर हुआ ताजिया विसर्जन

आठनेर। मोहर्रम पर्व के दूसरे दिन हिडली रोड स्थित करबला घाट पर ताजिया का विधिवत विसर्जन किया गया। पुलिस की मौजूदगी में शांतिपूर्ण एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ ताजिया विसर्जन संपन्न हुआ।

कुएं में गिरा तेंदुआ,मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम, रेस्क्यू जारी

मुलताई। वन परिक्षेत्र के गांव वंडली में वन सीमा के नजदीक एक कृषक के कुएं में शुक्रवार दोपहर एक तेंदुआ गिर गया। शुक्रवार दोपहर में वंडली निवासी किशोराव भोपते अपने खेत में अपने जानवरों को देखने पहुंचे इस दौरान उन्हें उनकी कुतिया खेत में नहीं मिली। जिसको वह आसपास आवाज देकर ढूंढने लगे, तभी उन्हें उनकी कुतिया की आवाज सुनील भोपते के खेत मे स्थित कुएं से सुनाई दी। उन्होंने कुएं के नजदीक पहुंचकर कुएं में झांककर देखा तो उनकी कुतिया एवं एक तेंदुआ जीवित अवस्था में कुएं में दिखाई दिए। जिसकी

सूचना उनके द्वारा ग्रामीणों को एवं वन विभाग के नाकेदार को दी गई इसके बाद से वन विभाग की टीम तेंदुए को निकालने के प्रयास में लगी हुई है। इस घटना में कुएं के अंदर मौजूद एक कुतिया की डूबने से मौत हो गई, जबकि तेंदुआ जीवित है। गांव से लगभग साढ़े तीन किलोमीटर दूर स्थित इस कुए में तेंदुए के गिरने की सूचना मिलते ही वन विभाग का दल मौके पर पहुंचा और सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बचाव अभियान की तैयारी शुरू कर दी है। स्थानीय वन अमले के कुकडूखामला क्षेत्र में अन्य कार्यो में व्यस्त होने के कारण, तेंदुए के सुरक्षित रेस्क्यू के लिए शनिवार को बैतूल और नर्मदापुरम से बुलाई गई है जो की मौके पर पहुंच चुकी है। जिनके द्वारा तेंदुए को रेस्क्यू करने की कोशिश की जा रही है टीम द्वारा पिंजरा कुएं में डालकर पिंजरे में तेंदुए कैद कर ऊपर खींचने की कोशिश की जा रही है।अधिकारियों ने बताया कि उनकी प्राथमिकता तेंदुए को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित बाहर निकालना है।

पुलिस ने साइबर जागरुकता अभियान चलाया

पाथाखेड़ा। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सेफ क्लिक-2.0 अभियान के तृतीय दिवस पर सारनी थाना क्षेत्र में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत मुख्य बाजार, बैंक, एटीएम, दुकानों, पेट्रोल पंप, बस स्टैंड एवं अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर आमजन एवं व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अभियान के दौरान सारनी पुलिस टीम ने लोगों को क्यू आर कोड फ्रोड, यू पी आई फ्रोड, फेक लिंक, एपीके क्लेम एवं ओटीपी

फ्रोड जैसे बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। नागरिकों को बताया गया कि साइबर ठग नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, इसलिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपनी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। इस दौरान साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देते हुए साइबर सुरक्षा संबंधी पम्पलेट भी वितरित किए गए। पुलिस द्वारा विशेष रूप से यह संदेश दिया गया कि पैसे प्राप्त करने के लिए कभी भी क्युआर कोड स्कैन न करें।

कॉलेज चौक पर पाइपलाइन लीकेज की युद्धस्तर पर हो रही मरम्मत

बैतूल। शहर के कॉलेज चौक पर पेयजल पाइपलाइन में हुए लीकेज को नगरपालिका द्वारा युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। नगरपालिका प्रशासन का उद्देश्य शहरवासियों को निर्बाध एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी नागरिक को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। मरम्मत कार्य तेजी से जारी है और इसे जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। नगरपालिका परिषद बैतूल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कॉलेज चौक पर पिछले कई दिनों से पेयजल पाइपलाइन में लीकेज की समस्या बनी हुई थी। इसे देखते हुए संबंधित अमले को तत्काल मौके पर लगाया गया और युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। प्रशासन का कहना है कि पाइपलाइन की मरम्मत पूरी होने के बाद संबंधित स्थान पर सड़क की मरम्मत का कार्य भी नगरपालिका परिषद बैतूल द्वारा कराया जाएगा, जिससे आवागमन पूरी तरह सुचारु हो सके। नगरपालिका परिषद बैतूल ने शहरवासियों को भरोसा दिलाया है कि मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कर पेयजल आपूर्ति को पूरी तरह सामान्य किया जाएगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि आवश्यक कार्य पूर्ण होने तक सहयोग बनाए रखें, ताकि समय पर पूरा किया जा सके।

राजनीति से ऊपर उठकर करना होगा विकास : नीतू

मुलताई। नगर में मां तापी नदी के संबंध तीर्थ स्थान एवं तापी लोक की चर्चाओं का दौर जारी है। सभी पार्टियों अपने-अपने अनुसार मां ताप्ती लोक अथवा ताप्ती विकास प्राधिकरण के संबंध में दावे ठोकती नजर आ रही है तो वहीं एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है।

तापी नदी न्यास एवं प्रस्तावित तापी मंदिर/तापी विकास न्यास के संबंध में तथ्यात्मक स्पष्टीकरण हाल के समय में तापी नदी न्यास तथा वर्तमान में प्रस्तावित तापी मंदिर न्यास अथवा तापी विकास संबंधी घोषणाओं को लेकर अनेक प्रकार की चर्चाएँ हो रही हैं। इसके संबंध में वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू परमार द्वारा एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि कमलनाथ शासनकाल में चार नदियों के लिए अलग-अलग न्यासों का गठन किया गया था-तापी नदी न्यास, मंदाकिनी नदी न्यास, शिप्रा नदी न्यास तथा नर्मदा नदी न्यास। इन न्यासों के गठन के समय उनके कार्यक्षेत्र एवं उ?देश्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया था। यह स्पष्ट नहीं था कि ये न्यास नदी घाटों के विकास, नदी प्रवाह संरक्षण, धार्मिक एवं आध्यात्मिक विकास, सांस्कृतिक संरक्षण अथवा अन्य किस प्रकार के कार्य करेंगे।तापी नदी न्यास के अध्यक्ष के रूप में तत्कालीन कलेक्टर डी. एस. राय को नियुक्त किया गया था। उपलब्ध जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में न तो कोई प्रभावी बैठक आयोजित हुई और न ही तापी नदी के विकास के लिए कोई उल्लेखनीय वित्तीय व्यय या कार्य सामने आया।वर्तमान में जिस तापी मंदिर न्यास अथवा मुलताई क्षेत्र के समग्र विकास की चर्चा की जा रही है, वह पूर्व में गठित तापी नदी न्यास से पूर्णत: अलग विषय है। दोनों संस्थाओं के उद्देश्य, कार्यक्षेत्र एवं स्वरूप अलग-अलग हैं। इन्हें एक ही बताकर जनता के बीच भ्रम उत्पन्न करना उचित नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कुकरु में सनसेट पॉइंट पर देखा मनोहारी सूर्यास्त

भैसदेही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बैतूल प्रवास के दौरान जिले के सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन कुकरु का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कुकरु स्थित सिपना सनसेट पॉइंट पर पहुंचकर सूर्यास्त के मनोहारी एवं अलौकिक दृश्य का अवलोकन किया तथा क्षेत्र की अनुपम प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुकरु की रमणीय पर्वत श्रृंखलाओं, हरित वनों और प्राकृतिक वातावरण से अभिभूत नजर आए। उन्होंने कहा कि कुकरु प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में विकसित होने की अपार संभावनाएं रखता है। उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्राकृतिक संपदा से समृद्ध कुकरु न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के नए अवसर भी सृजित करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, आयुक्त श्रीकांत बनोठ, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे उपस्थित थे।

नशा नाश की जड़, युवा नशे से दूर रहें : चौहान

आठनेर। अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय आठनेर में नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज के निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया तथा उपस्थित सभी लोगों ने अपने क्षेत्र को नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर की विकासखंड समन्वयक

मधु चौहान ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को खोखला कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा ही नाश की जड़ है। आठनेर नगर मंडल अध्यक्ष एवं परामर्शदाता गोवर्धन राने ने कहा कि नशे की लत से कैंसर, हृदय एवं फेफड़ों के रोग, मानसिक तनाव, अवसाद जैसी गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं।

विद्यालय के 25 वर्ष पूरे होने पर टॉपर्स विद्यार्थियों को मिले लैपटॉप

बैतूल। श्री विनायकम स्कूल ने अपनी 25 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को विद्यालय परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह उड़ान... सपनों की का आयोजन किया। शिक्षा, संस्कार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को समर्पित इस समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया तथा विद्यालय की शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं नवाचार आधारित उपलब्धियों को साझा किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

इसके बाद विद्यालय परिवार ने उन मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जिन्होंने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया। सीबीएसई कक्षा 12 गणित संकाय के छात्र नीरज नहारिया को 95 प्रतिशत अंक अर्जित करने तथा मध्यप्रदेश बोर्ड कक्षा 12 वाणिज्य संकाय के छात्र कृतिक नागले को 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्याम साहू ने कहा कि उड़ान... सपनों की विद्यार्थियों के सपनों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य जिम्मेदार, संस्कारित, आत्मविश्वासी और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने वाले नागरिक तैयार करना है। विद्यालय के डायरेक्टर संजय राठौर ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में श्री विनायकम स्कूल ने विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ उनके सपनों को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी विद्यालय परिवार के लिए विशेष है और उसकी सफलता पूरे संस्थान का गौरव है।

जमीन आवंटन घोटाले मे उच्चस्तरीय जांच की मांग

सारनी। युवक कांग्रेस ने सीएम मोहन यादव के जमीन घोटाला को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए सीएम का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया है। मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव योगेश ऐरोलू व सारनी ब्लॉक युवक कांग्रेस कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गौतम नागले के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया गया। युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोहन प्रॉपर्टी डीलर पोस्टर जारी कर सारणी कांग्रेस कार्यालय से लेकर जय स्तंभ चौक तक सारणी के आम नागरिकों को पोस्टर बांटकर मोहन यादव के द्वारा किए गए जमीन घोटाले से अवगत कराया। योगेश ऐरोलू ने कहा कि उज्जैन जिले के महाकाल क्षेत्र में कथित रूप से रसूखदारों एवं

उनके परिजनों को शासकीय भूमि आवंटन के मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। गौतम नागले ने कहा कि उज्जैन के महाकाल क्षेत्र में कथित रूप से प्रभावशाली व्यक्तियों के परिजनों को नियमों के विपरीत शासकीय भूमि आवंटित किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लगभग 168 एकड़ भूमि का आवंटन कर शासन को करोड़ों रुपये की राजस्व हानि पहुंचाई गई है, जिससे आम नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सारनी एसडीओपी को जय स्तंभ चौक पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बटेश्वर भारती, भूषण कांति, नरेंद्र वाडीवा ,हेमंत धोटे, राहुल सनी बड़ी संख्या में कार्य करता मौजूद थे।

पुलिस ने लूट के पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

बैतूल। बेलोण्ड घाट सारणी में हुई लूट (डकैती) के 5 आरोपियों को सारणी पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है।

25 जून को फरियादी फरहान अंसारी पिता नजरूल अंसारी (26) निवासी वार्ड 19 गाँधी नगर पाथाखेडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 जून को वह अपने दोस्त सागर नागले व प्रेम गुजरे के साथ मोटरसाईकिल से मुलताई से शादी कर वापस आ रहे थे कि रास्ते मे बेलोण्ड घाट सारणी पर 5 अज्ञात लोग 2 मोटरसाईकिल से आये और रास्ते रोककर मारपीट कर जबरदस्ती 4800 रूपये एवं तीन मोबाईल लूट कर ले गये। रिपोर्ट पर थाना सारणी में धारा 310(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने प्रकरण की गहन जांच प्रारंभ की। प्रकरण की विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य कर थाना सारणी पुलिस ने 5 आरोपीगण रविन्द्र उर्फ भोला, अमन कवडे,आकाश सलाम,राहुल उईके,विजेन्द्र सिंग को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 3 मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसोईकिल एवं चाकू जप्त किया गया है।

इस कार्रवाही में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक सुनिल गौर,सउनि अनिल मोर्य, प्रधान आरक्षक किशनलाल सेलू, आरक्षक मोहित भाटी,मोनू उईके,सुभाष मंडलोई, रविमोहन दर्शमा की सराहनीय भूमिका रही।

नशा मुक्त युवा से ही विकसित भारत की पहचान

बैतूल। नशा व्यक्ति को ही नहीं परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए भी घातक है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान थीम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर सातनकर के नेतृत्व 17 से 26 जून 2026 तक नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रासेयो द्वारा महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, चित्रकला

प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं ने छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस मौके प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे ने कहा कि नशा मुक्त युवा से ही विकसित भारत की सशक्त पहचान बनेगी। कार्यक्रम में रासेयो के जिला संगठक डॉ.जीपी साहू ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.शंकर सातनकर ने कहा कि रासेयो का उद्देश्य समाज में सेवा, जागरूकता एवं सकारात्मक परिवर्तन लाना है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्वस्थ, जागरूक एवं नशा मुक्त भारत का निर्माण संभव है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो.मुकेश पाण्डोले, छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।